साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 6 | अंक : 02 गोंदिया : गुरुवार, दि. 21 अगस्त से 27 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5





## मच्छरों का आतंक

**गोंदिया**-मच्छरों की संख्या में वृद्धि हुई है और मच्छर रोगों के लिए प्रजनन स्थल बन रहे हैं. मच्छरों के खौफ से शहरवासी दिन-रात परेशान हैं. वहीं दूसरी ओर मच्छरों ने नागरिकों की नींद छीन ली है. रात हो या दिन मच्छर बड़ी संख्या में घरों में प्रवेश कर रहे हैं. जिससे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है.

# बुलंद गोंदिया बुलंदियों की ओर अग्रसर 5 वर्षों में जिले की जनता की बना बुलंद आवाज - सीताताई रहांगडाले



**बुलंद गोंदिया।**गोंदिया जिले का हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया 15 अगस्त आजादी के पर्व पर सफलतापूर्वक 5 वर्ष पूर्ण कर छटवे वर्ष में पदार्पण किया। इस अवसर पर कार्यालय में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सीताताई रहांगडाले ने बुलंद गोंदिया परिवार को शुभकामना दी ,व आगे कहा कि बुलंद गोंदिया 5 वर्षों से जिले की जनता की आवाज बना हुआ है तथा सभी पहलुओं व समस्याओं की आवाज प्रखरता के साथ रखते शासन प्रसाशन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। तथा बुलंद गोंदिया सफलता की नीति नयी बुलंदियों की ओर अग्रसर हो।

गौशाला वार्ड स्थित कार्यालय में बड़ी संख्या में मित्रों व शुभचिंतकों द्वारा पहुंचकर बुलंद गोंदिया के सफलतापूर्वक 5 वर्ष पूर्ण करने पर शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

साप्ताहिक बुलंद गोंदिया की गौरवशाली यात्रा ,आपके विश्वास की स्याही से 5 वर्षों का सफर 15 अगस्त 2020 को एक छोटे से संकल्प के साथ शुरू हुई एक बड़ी यात्रा आज पांच सफल वर्ष पूरे कर छठवें वर्ष में कदम रखा। साप्ताहिक बुलंद गोंदिया सिर्फ एक अखबार नहीं यह गोंदिया की जनता की आवाज भावना व संघर्ष का दस्तावेज बन चुका है।5 वर्षों से अपनी जिम्मेदारीया पूर्ण सफल रूप निभाते हुए इमानदार पत्रकारिता लोकहित की आवाज, नागरिक अधिकार से लेकर शहरी समस्याओं तक हर पहलू को प्राथमिकता दी स्थानीय प्रतिभा को युवा लेखन युवा कलाम को स्थान दिया सम्मान दिया यह आपका अखबार यह सिर्फ हमारा नहीं आपका अखबार है जो भावनाओं का प्रतिनिधित्व हुआ करता है। छठवें वर्ष में प्रवेश एक नई ऊर्जा एक नई चुनौतियों के साथ कर रहे यह वर्ष केवल जोश का नहीं संकल्प का है हम वादा करते हैं और अधिक जमीनी पत्रकारिता युवा को प्रोत्साहन तकनीकी के साथ कदमताल और बुलंद आवाज आप सभी पाठकों की बनाकर कार्य करेंगे। हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया 5 वर्षों में अखबार के साथ-साथ सोशल मीडिया ,न्यूज़ वेब के माध्यम से भी निरंतर प्रतिदिन खबरों को रूबरू कराते हुए सभी समाचारों को पाठको तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बुलंद गोंदिया की इन 5 वर्षों की सफलता में पाठकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है 15 अगस्त 2025 को अपने 5 वर्ष सफलतापूर्वक कर छठवें वर्ष में पदार्पण के अवसर पर बुलंद बुंदिया कार्यालय में शहर के अनेक गणमान्य व प्रतिष्ठित नागरिकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियो ने पहुंचकर शुभकामना देकर बुलंद गोंदिया के निरंतर प्रगति की सामना की।

बापजी का आशीर्वाद श्री रामदेव बाबा दरबार पाल चौक के बापजी श्री महेशजी बंग कार्यालय में पहुंचकर बुलंद गोंदिया परिवार निरंतर सफलता की और अग्रसर हो तथा नितें निरंतर प्रगति करें यह आशीर्वाद दिया।

महिला बैंक की अध्यक्ष व शहर महिला राष्ट्रवादी कांग्रेस की अध्यक्ष माधुरी ताई नासरे बुलंद गोंदिया कार्यालय में पहुंचकर शुभकामना देते हुए 5 वर्षों में बुलंद गोंदिया द्वारा जिले के सभी वर्गों के लिए समाचार पत्र में स्थान देकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करने प्रमुखता से रखना का कार्य करने पर बुलंद गोंदिया की सराहना की। वरिष्ठ संपादक चंद्रकांत खंडेलवाल ने बुलंद गोंदिया कार्यालय में पहुंचकर अपने 40 वर्षों से अधिक पत्रकारिता क्षेत्र के अनुभव को साझा कर पत्रकारिता में निष्पक्ष व निडरता से कार्य करने का मूल मंत्र देते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता करने पर मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व सभापति व भाजपा महिला समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी भावना ताई कदम, सुभा भारद्वाज, पूजा तिवारी, गंगाधर गुड्डू कारड़ा, वरिष्ठ पत्रकार दिलीपसिंग लिल्हारे पत्रकार अनिल मदनकर, कृषि उत्पन्न बाजार समिति के पूर्व सचिव सुरेश जोशी, ताइक्कांडो प्रशिक्षक निलेश फूलबांधे ,बालाजी प्रिंटिंग प्रेस के संचालक धरम गुप्ता, लेखिका व शिक्षिका तमन्ना मतलानी, श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष अल्ताफ शेख, कयूम शेख, आकृति थिंक के प्रमोद गुरधे ,प्राची गुरधे, पंचायत समिति पूर्व सदस्य वह ग्राम कटंगी के पूर्व सरपंच होटल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश सेठ,भारत शुक्ला, लोकसत्ता व दैनिक लोकजन के पत्रकार संजय राउत, आईबीएन लोकमत के रवि सपाटे , युसीएन व जीबी न्यूज़ के हरीश मोटघरे, स्टिंग ऑपरेशन के सुनील कावडे, नवीन दहिकर, पत्रकार सचिन बोपचे ,गौरव बिसेन, न्यूज़ प्रभात के महेद्र लिल्हारे, दिनेश पटले, रामदेव भक्त संगम के महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक अंकित तिवारी, ताइक्कांडो एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी दुलीचंद मेश्राम, कराटे प्रशिक्षक दीपक सिक्का , गो प्लग्ड इन के डायरेक्टर यशवंत सिंह चंदेल, न्यू बालाजी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर नितेश बाजपेई,सामाजिक कार्यकर्ता बेसहारों का सहारा सविता ताई बेदरकर, सामाजिक कार्यकर्ता धनेंद्र भुरले, बुलंद गोंदिया परिवार के सदस्य दुर्गेश गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, गर्व(बब्बू) अग्रवाल, त्रयंबक सोनवाने अंशुमन दुबे, दुर्गेश तिवारी, ,हर्ष अग्रवाल ,वासुदेव तिडके, आकाश मेश्राम, योगेश सोरते, कुशल लिल्हारे, देवांशु अग्रवाल, हार्दिक जीवानी , मयंक नाग, हरेश डोंगरे, सुरेश टेमरे, बबलू येरने, भूपेंद्र रंगारी ,संजीव बापट, निजिल ठाकुर, एडवोकेट पराग तिवारी भरत घासले, के साथ ही अनेक लोगों ने मोबाइल वह व्हाट्सएप के माध्यम से शुभकामना दी जिसमें विधायक विनोद अग्रवाल ,पंकज रहांगडाले ,डॉ नोव्हील ब्राम्हणकर ,ओम बघेले ,एड कृष्णा पारधी ,सचिन सेंडे ,योगराज रंहागडाले, रॉकी नायक ,सचिन मिश्रा, हरिकिशन चौधरी ,राकेश ठाकुर, विजय उके, राज शुक्ला ,कशिश जायसवाल, अमित बिरिया, हीरा कपूर ,राजू तिवारी आदि का समावेश है जिन्होंने साप्ताहिक बुला गोंदिया के प्रधान संपादक अभिषेक चौहान व संपादक नवीन अग्रवाल , संतोष जाधव को बुलंद गोंदिया की वर्षगांठ पर कार्यालय में पहुंचने पहुंचकर वह प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरकार जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध-मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा



**बुलंद गोंदिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात उन्होंने मैदान पर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस बैंड ने महाराष्ट्र गीत प्रस्तुत किया। परेड का संचालन भारतीय रिजर्व बटालियन, पुरुष पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड पुरुष बल, होमगार्ड महिला बल, फुलचुर हाई स्कूल भारत स्काउट बल, पुलिस बैंड बल, श्वान बल, एम्बुलेंस बल और अग्निशमन दल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य के कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने कहा कि सरकार जिले में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करके जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम जिले के विभिन्न वर्गों के जरूरतमंद लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस समय जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगनंथम, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे उपस्थित थे। मंत्री लोढ़ा ने आगे कहा कि गोंदिया जिला धान उत्पादक जिले के रूप में जाना जाता है। सरकारी समर्थन मूल्य धान खरीदी योजना के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 189 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से 78 हजार 349 किसानों से 24 लाख 67 हजार 531 क्विंटल धान खरीदा गया। इसका समर्थन मूल्य 567 करोड़ 53 लाख 22 हजार रुपये है और किसानों को 567 करोड़ 41 लाख 90 हजार रुपये का भुगतान किया गया। साथ ही, खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में सरकार ने पंजीकृत किसानों को प्रोत्साहन राशि (बोनस) स्वीकृत की है और 90 हजार 328 किसानों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है। 180 करोड़ 61 लाख 53 हज़ार रुपये। गोंदिया जिले में कौशल विकास के अनुरूप, विश्व बैंक और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंदिया में दक्ष परियोजना शुरू की जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत संस्थान में आधुनिक कौशल पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है और इसे एक आदर्श आईटीआई में परिवर्तित किया जाएगा। इससे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का कायाकल्प हो जाएगा। जिले के युवाओं के कौशल विकास और युवाओं को उग्रवादी गतिविधियों की ओर प्रेरित होने से रोकने के उद्देश्य से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गोंदिया जिले के पालांदूर में एक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरू किया गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत, किसानों को प्रति वर्ष तीन किश्तों में 6 हज़ार रुपये मिल रहे हैं और इस योजना की 20वीं किश्त माननीय द्वारा जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने 2 अगस्त 2025 को जिले के 2 लाख 20 हज़ार 989 पात्र किसानों को राशि वितरित की।

अधिकतम श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले में कुल 357 करोड़ 20 लाख 76 हज़ार की राशि व्यय की गई है, जिसमें से 1 करोड़ 33 हज़ार मानव दिवस रोजगार सृजित किया गया है। इसके माध्यम से 1 लाख 97 हज़ार 593 परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिले में 1 से 7 अगस्त 2025 तक राजस्व सप्ताह मनाया गया और इस दौरान नागरिकों को विभिन्न प्रमाण-पत्र, प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। इस अवसर पर मंत्री ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामूहिक अंगदान का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन मंजूश्री देशपांडे ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिलाधिकारी मिनाज मुल्ला, निवासी उप जिलाधिकारी भैयासाहेब बेहेरे, उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाइत, पुलिस उप अधीक्षक नंदिनी चानपुरकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्यारी बहनों का प्यार सरपंच भाई हर्ष मोदी को हजारों बहनों ने बांधा प्यार का बंधन






**बुलंद गोंदिया।** सड़क अर्जुनी तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सौंदड के प्रगतिशील लोकप्रिय सरपंच हर्ष मोदी ने मजा भाउ सरपंच नाम के एक अनोखी पहल का आयोजन किया। जिसमें ग्राम के सभी पांचो वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो बहनों ने हर्ष मोदी को प्यार का बंधन बांध कर अपने प्यार विश्वास वह स्नेह का इजहार किया। इस अवसर पर लाडली बहनों ने एक स्वर में कहा कि हर्ष मोदी सिर्फ एक सरपंच नहीं बल्कि हमारे अधिकारों व सुरक्षा का एक सच्चा भाई है। इस कार्यक्रम की पहल के चलते ग्राम विकास में एकता वह नेतृत्व का बंधन और भी मजबूत हुआ है।

# गोंदिया नगर परिषद की प्रारूप प्रभाग रचना घोषित 31 अगस्त तक मांगे आक्षेप 2 वार्डो की बढ़ोतरी होंगे 22 प्रभाग कोई हुआ खुश कोई नाखुश






**बुलंद गोंदिया।** राज्य में नगर परिषद चुनाव की तैयारी के अंतर्गत गोंदिया नगर परिषद की प्रारूप प्रभाग रचना 18 अगस्त सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सूचना पटल पर घोषित की गई। जिसमें 31 अगस्त तक आक्षेप दर्ज किया जा सकेंगे तथा 2 वार्डो के बढ़ोतरी के साथ अब गोंदिया नगर परिषद में 22 प्रभाग का निर्माण किया गया है। प्रभाग रचना घोषित होते हैं अनेक वार्ड की रचना में बदलाव होने से अनेक इच्छुक लोगों में कहीं खुशी तो कहीं निराश दिखाई दी। गौरतलब है की सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देश के चलते राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद, महानगरपालिका वह जिला परिषद के चुनाव की तैयारी में जुट गया है. जिसमें नगर परिषद के चुनाव के लिए 11 जून से प्रक्रिया शुरू की गई। 17 से 18 जून जनगणना की प्राप्त माहिती की जानकारी की जांच।

19 जून से 3 जुलाई तक स्थान का निरीक्षण 4 जुलाई से 10 जुलाई तक गूगल मैप के अनुसार नक्शे तैयार करने 11 से 17 जुलाई तक नक्शे पर निश्चित किए गए प्रभाग की मौका स्थल पर जाकर जांच करने तथा 18 से 24 जुलाई तक प्रारूप प्रभाग रचना का मसौदा तैयार कर समिति को सौपना।

प्रारूप प्रभाव रचना 18 अगस्त सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित की गई तथा जिसमें 31 अगस्त 2025 तक नागरिक अपने आक्षेप दर्ज कर सकेंगे। प्रारूप प्रभाग रचना पर 1 से 8 सितंबर तक प्राप्तआक्षेपो पर जिला अधिकारी द्वारा सुनवाई की जाएंगे तथा सुनवाई के पश्चात 9 से 11 सितंबर तक उपरोक्त प्रभाग रचना नगर विकास विभाग को भेजी जाएगी। प्रभाग रचना की अंतिम घोषणा 26 से 30 सितंबर तक राज्य चुनाव आयोग द्वारा किया जाएगा।

## कोई हुआ खुश तो कोई ना खुश

प्रारूप प्रभाग रचना नगर परिषद कार्यालय के सूचना पटल पर घोषित होते हैं बड़े पैमाने पर भावी पार्षदों की भीड़ प्रारूप प्रभाग रचना का निरीक्षण करने नगर परिषद कार्यालय में उमड़ पड़ी। प्रभाग रचना में 2 वार्डो की बढ़ोतरी होने तथा 22 प्रभाग होने के चलते पुराने प्रभागो की वार्ड संरचना में काफी बदलाव हुआ है जिसके चलते कोई भावी उम्मीदवार खुश हुआ तो नाखुश दिखाई दिया।

## संपादकिय...

# उपराष्ट्रपति पर सहमति क्यों नहीं?

भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए सत्ताधारी भाजपा-एनडीए और विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन के बीच सर्वसम्मति नहीं बन पाई। अपेक्षा की जाती रही है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर सरीखे पदों को सर्वसम्मति के साथ तय किया जाए। उन पर चुनाव नहीं होने चाहिए, क्योंकि वे पक्ष और विपक्ष के 'साझा चेहरे' माने जाते हैं। वे अपने पदों पर संवैधानिक शीर्ष होते हैं, जिनसे न्याय की उम्मीद पक्ष और विपक्ष दोनों ही करते हैं, लेकिन भारतीय लोकतंत्र की विडंबना है कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सरीखी 'राष्ट्रीय हस्ती' पर भी सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी, नतीजतन राष्ट्रपति पद का चुनाव कराना पड़ा था। सर्वसम्मत संवैधानिक चेहरा शायद ही कोई हो, हमें ध्यान नहीं। इसका बुनियादी कारण यह है कि सरकार और विपक्ष के दरमियान संवैधानिक और वैचारिक नहीं, बल्कि नफरत, खीझ, चिढ़ की विभाजक रेखाएं होती हैं। अब भी प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने साफ कहा है कि उपराष्ट्रपति पर सर्वसम्मति भाजपा-आरएसएस के कारण नहीं हुई। भाजपा 'लाठीतंत्र' से इस देश को चलाना चाहती है। वह कांग्रेस होने नहीं देगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए जिस शख्स को चुना गया है, वह आरएसएस के स्वयंसेवक रहे हैं। जनसंघ-भाजपा के सदस्य और सांसद रहे हैं। तमिलनाडु में उन्होंने भाजपा का नेतृत्व भी किया है। वह पूरी चेतना के साथ 'संघी' हैं, लिहाजा पदासीन होने के बावजूद उनसे तटस्थता की उम्मीद नहीं की जा सकती। विपक्षी 'इंडिया' ने सर्वोच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश एवं गोवा के लोकायुक्त रहे, संविधानविद और गैर-राजनीतिक शख्स जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। यह विपक्ष का संवैधानिक अधिकार भी है। बेशक विपक्ष 'अराजनीतिक' का दावा करे, लेकिन रेड्डी को इसी आधार पर चुना गया है, ताकि आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरीखे दलों के लिए 'धर्मसंकट' की स्थिति पैदा हो और अंतत- वे विपक्ष के उम्मीदवार को समर्थन देने को बाध्य हो जाएं! कांग्रेस की यह राजनीतिक गणना नाकाम रही, क्योंकि चंद्रबाबू नायडू, जगनमोहन रेड्डी और चंद्रशेखर राव के दल भाजपा-एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को अपना समर्थन घोषित कर चुके हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु के 'कोंगु वेल्लालर' समुदाय से आते हैं। हालांकि उन्होंने 1998, 1999 में कोयंबटूर सीट से संसदीय चुनाव जीता, लेकिन 2004, 2014, 2019 के लोकसभा चुनावों में वह लगातार हारे। अब भाजपा की निगाह पश्चिमी तमिलनाडु या 'कोंगु पट्टी' के मतदाताओं पर है, लेकिन तमिलनाडु में राधाकृष्णन को शांत, सरल, सज्जन और कम बोलने वाला नेता तो माना जाता है, लेकिन 'सीपी' (उनका लोकप्रिय नाम) को करिश्माई नेता नहीं माना जाता। वह प्रधानमंत्री मोदी के बहुत करीब हैं और यह दोस्ताना करीब 40 साल का है, लेकिन 'सीपी' को आरएसएस की पसंद नहीं माना जा रहा है। अलबत्ता उन्हें चुन लिया गया है। भाजपा के अलावा सहयोगी दलों के सांसदों ने भी उनके नाम पर मुहर लगा दी है। अब सीपी राधाकृष्णन का देश का उपराष्ट्रपति बनना लगभग तय है। सांसदों का बहुमत कुछ ऐसा ही है।

# स्थानीय प्रतिनिधि के सावधानीपूर्वक काम को मिली सफलता
## रेलवे फाटक को बंद होने से रोका



**तिरोड़ा**-तिरोड़ा से खैरलांजी मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्र. 520 के फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद रेलवे प्रशासन ने 18 अगस्त के आदेशानुसार रेलवे फाटक बंद करने का निर्णय लिया था. इस पर 16 अगस्त को तिरोड़ा शहर कांग्रेस और युवा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तिरोड़ा थाना, तहसीलदार, उपविभागीय अधिकारी और मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि रेलवे फाटक स्थानीय नागरिकों के लिए बंद न किया जाए. 18 अगस्त 2025 के आदेशानुसार रेलवे कर्मचारी 19 अगस्त की रात 10 बजे रेलवे पुलिस बल के साथ रेलवे गेट को बंद करने के लिए पहुंचे. उस समय मौजूद शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन मोरे, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ चौहान, स्थानीय प्रतिनिधि प्रवीण चव्हाण, संजय खियानी और अन्य स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर बहिष्कार किया और रेलवे अधिकारियों को स्थिति समझाते हुए कहा कि वे रेलवे क्रॉसिंग क्र. 520 को बंद नहीं होने देंगे. क्रॉसिंग को स्थानीय लोगों की यात्रा के लिए स्वीकृत रेलवे अंडरपास के निर्माण तक बंद रखा जाएगा. रेलवे कर्मचारियों ने मौखिक रूप से कहा कि जब एक स्थानीय नेता ने रेलवे अंडरपास के निर्माण को रोकने से इनकार कर दिया, तो रेलवे प्रशासन ने अंडरपास का काम किए बिना रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला किया.

**क्रॉसिंग को जारी रखना आवश्यक**

इस स्थिति में लोगों को 1 किमी पुल को पैदल पार करके एक तरफ से दूसरी तरफ जाना पड़ता. इस समय, यह पूछा गया कि किसी भी दुर्घटना के लिए कौन जिम्मेदार होगा. ऐसी स्थिति में स्थानीय प्रतिनिधि प्रवीण चव्हाण के सावधानीपूर्वक काम को सफलता मिली और पवन मोरे और सौरभ चौहान के माध्यम से मुद्दे को समझने के बाद, रेलवे कर्मचारी पीछे हट गए और वापस लौट गए. वर्तमान स्थिति में रेलवे क्रॉसिंग को बंद करना स्थानीय लोगों के लिए असुविधाजनक होगा और रेलवे अंडरपास का काम पूरा होने तक रेलवे क्रॉसिंग को जारी रखना आवश्यक है.

# कैरम में सिंधी स्कूल चयनित



**गोंदिया**-सत्र 2025-26 के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कैरम स्पर्धा में बाबलमल निचानी आदर्श सिंधी विद्या मंदिर हाईस्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी आस्था राठौर ने सफलता अर्जित कर शाला का नाम रोशन किया. इस अवसर पर सिंधी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष इंद्रकुमार होतचंदानी, उपाध्यक्ष महेश तोलानी, सचिव लखमीचंद रोचवानी, सहसचिव अशोक हुकमानी, कोषाध्यक्ष अनिल गंबानी, महेश चंदवानी, जयपाल नुनानी तथा मुख्याध्यापिका संगीता मटानी, पर्यवेक्षक डॉ. मनीषराय मुक्ता ने हार्दिक शुभकामनाएं दी. आस्था ने सफलता का श्रेय अपने पालकों तथा क्रीड़ा मार्गदर्शक हेमंत गुलानी को दिया.

# सेवाकर्मी कार्यक्रम का क्रियान्वयन
## DHO ने ली ई-गवर्नेंस सुधार कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



**गोंदिया**-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने जिला परिषद के सभागृह में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी तहसील स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ कनिष्ठ लिपिक और औषधि निर्माण अधिकारियों के 150 दिवसीय ई-गवर्नेंस सुधार कार्यक्रम की समीक्षा की. वर्तमान में गतिशील महाराष्ट्र सरकार के अंतर्गत राज्य सरकार की 150 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत ई-गवर्नेंस सुधार कार्य चल रहा है और सरकारी कार्यालयों में ई-प्रशासन सुधार लागू किया जा रहा है. इसी कड़ी में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने इस अवसर पर अपने विभाग की समीक्षा की. समीक्षा बैठक में सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंद कुमार वाघमारे, जिला महामारी विज्ञान अधिकारी डा. निरंजन अग्रवाल, जिला विस्तार व मीडिया अधिकारी विजय आखाड़े, सहायक प्रशासन अधिकारी प्रमोद काले, कनिष्ठ प्रशासन अधिकारी शाम लिचड़े, जिला आईईसी अधिकारी प्रशांत खरात, औषधि निर्माण अधिकारी शरद चंद्र रहांगडाले सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे. डा. गोल्हार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के सेवा मामलों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए. इससे पदोन्नति, सीधी सेवा अनुकंपा नियुक्ति आदि जैसे मामलों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में मदद मिलेगी. आकृतिबंध सेवाप्रवेश, संवर्ग में पदोन्नति, समयबद्ध मामले, सेवानिवृत्ति मामले, गोपनीय रिपोर्ट, महापार, आईजीओटी पोर्टल पर पंजीकरण, विभागीय पूछताछ, सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं को अद्यतन और डिजिटल करने के निर्देश आस्थापना लिपीकों को दिए गए. साथ ही औषधि निर्माण अधिकारी, स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा अधिकारी के साथ मिलकर, क्षतिग्रस्त सामग्री और स्क्रैप सामग्री को नियमानुसार बट्टे खाते में डालने के निर्देश दिए गए. इस दौरान ई-औषधि पोर्टल पर दवाओं को अद्यतन करने और स्वास्थ्य संस्थान में एक्सपायरी दवाओं को न रहने देने के निर्देश दिए गए. शासन की 150 दिवसीय कार्ययोजना से संबंधित ई-गवर्नेंस सुधारों से सरकार और नागरिकों तथा अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच संवाद, सरकार के भीतर आंतरिक संचार, सरकारी वेबसाइट, आपले सरकार, ई-ऑफिस और डैशबोर्ड वेब एप्लिकेशन को अद्यतन रखने में मदद मिलेगी.

# गुप्त सूचना के आधार पर जुए के अड्डे पर छापेमारी



**भंडारा**-गुप्त सूचना के आधार पर, स्थानीय अपराध शाखा की एक टीम ने साकोली में एक जुए के अड्डे पर छापा मारा. इस कार्रवाई में छह आरोपियों, प्रकाश कृष्ण डोंगरवार (51), राकेश प्रह्लाद भैसारे (35), प्राजक चुन्नीलाल साखरे (33), खुरमेंद्र कैलाश राउत (29), अमित तामदेव लाडे (33) और हेमकृष्ण बकराम राउत (49) को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 2,19,630 रुपये का कीमती सामान ज़ब्त किया जिसमें 11,580 रुपये नकद, 6 मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं. साकोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

# धारदार हथियारों से की देशमुख की हत्या
## पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी



**गोंदिया**-रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत कामठा क्षेत्र के मानेकसा जंगल परिसर में आज 20 अगस्त को विनोद देशमुख (50) का शव मिला है, जो कि एक दिन पूर्व से ही लापता था. देशमुख का रक्तरंजित शव पुलिस ने दोपहर में बरामद किया है, तथा संदिग्ध हत्या के मामले में जांच शुरु की है. मृतक विनोद बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर का कार्य करता था. मृतक के शरीर पर अनेक घाव दिखाई दिये हैं, तथा उसकी हत्या के बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया है. सूत्रों के अनुसार फिलहाल मृतक के शव का पोष्टमार्टम नहीं किया जा सका है, तथा शव का पोष्टमार्टम 21 अगस्त को किये जाने के उपरांत शव परिवारजनों को सौंपा जायेगा. इस मामले में रावणवाड़ी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के नेतृत्व में जांच कार्यवाही की जा रही है. आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने फॉरेंसिंक एक्सपर्ट, डॉग स्क्वाड, साईबर सेल को भी जांच में लगा दिया है, तो वहीं हत्या के पीछे कारण का पता लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है. आरोपी कौन थे, कितनी संख्या में थे, किन-किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया, आदि अनेक सवालों का जवाब पुलिस ढूंढ रही है.

# पुलिस ने चोरी का माल किया बरामद
## चोरों के गिरोह को पकड़ा



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध में पिछले एक सप्ताह से रात्रि में सेंधमारी कर रहे एक गिरोह का पर्दाफाश कर चोरी का संपूर्ण सामान जब्त किया गया. यह कार्रवाई स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने सोमवार को की. जानकारी के अनुसार, फिर्यादी कुणाल तरोणे की नवेगांवबांध बस स्टैंड के पास गुरुकृपा मोबाइल शॉप है. जहां से अज्ञात व्यक्तियों ने मोबाइल व अन्य सामग्री चोरी की थी. जिसकी शिकायत नवेगांवबांध थाने में की गई व आरोपियों की तलाश जारी थी. इसी बीच मिली जानकारी के आधार पर आश्रम स्कूल येरंडी नवेगांवबांध के संदिग्ध नाबालिग बच्चों से पूछताछ की गई. तो 7 नाबालिग बच्चों ने नवेगांवबांध बस स्टैंड के पास स्थित गुरुकृपा मोबाइल शॉप से मोबाइल फोन व अन्य सामग्री चुराने का अपराध कबुल किया. चोरी किए गए मोबाईल फोन व अन्य सामग्री ऐसे कुल 53 हजार 400 रु. का माल जब्त किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक वनिता सायकर, हवलदार दुर्गेश तिवारी, तुलसीदास लुटे, दीक्षितकुमार दमाहे, राजकुमार खोटेले, सुनील डहाके, दुर्गेश पाटिल, सिपाही कुंभलवार ने की.

# ग्रापं का दर्जा दें, अन्यथा आंदोलन, विविध सरकारी योजनाओं से वंचित




**गोंदिया**-राज्य सरकार ने आमगांव को नप घोषित कर उसमें आठ गांवों को शामिल किया था. इस फैसले को चुनौती देते हुए न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी. इस याचिका पर अंतिम सुनवाई करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने आमगांव नप के लिए सरकार द्वारा जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया. यह मामला तीन महीने से चल रहा है, फिर भी उन आठ गांवों को अभी तक स्वतंत्र ग्रापं का दर्जा नहीं दिया गया है. इस वजह से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है. इस वजह से तीरथ येटरे ने चेतावनी दी है कि 10 सितंबर तक उन गांवों को ग्रापं का दर्जा नहीं दिया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ कड़ा आंदोलन किया जाएगा सरकार ने आमगांव तहसील के रिसामा, कुंभारटोली, बनगांव, बिरसी, पदमपुर, किडंगीपार, माल्ही गांवों को मिलाकर आमगांव नप बनाने का फैसला किया था. इस फैसले के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की गई थी. परिणामस्वरूप, आमगांव नप और नपं का मामला कई वर्षों से न्यायालय में लंबित था, इसलिए उन सभी सात गांवों के नागरिकों को कई सरकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ा. साथ ही, आमगांव और आसपास के गांवों को मिलाकर उन्हें नप का दर्जा देने का निर्णय नागरिकों के साथ अन्याय होगा, इसलिए आमगांव और आसपास के गांवों के नागरिकों ने इस निर्णय के खिलाफ सरकार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई और 15 हजार से अधिक आपत्तियां दर्ज कराईं. लेकिन आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए आमगांव को नप का दर्जा दे दिया. 3 माह के बाद भी कार्रवाई नहीं सरकार ने इच्छा के खिलाफ व ग्रापं के पदाधिकारियों को विश्वास में लिए बिना आमगांव को नप का दर्जा दे दिया था. नप की स्थापना के बाद आसपास के गांवों के नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति भूषण धर्माधिकारी और स्वप्ना जोशी की खंडपीठ ने आमगांव नप के संबंध में जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया. इस निर्णय को तीन महीने बीत चुके हैं. बावजूद, आठों गांवों को अभी तक स्वतंत्र ग्रापं का दर्जा नहीं दिया गया है. इस वजह से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है. तीरथ येटरे ने चेतावनी दी है कि ग्रामीणों के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा.

# सूची में सरपंच की पत्नी समेत कई सदस्य शामिल
## रोजगार सेवक, फर्जी मजदूरों की जांच करें



**सालेकसा**-महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार ने 2007 से 2008 तक प्रत्येक जिले और राज्य के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी काम की निगरानी के लिए ग्राम सभा के माध्यम से रोजगार सेवकों का चयन किया है. लेकिन, पहले भी फर्जी हाजिरी और फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर रोजगार सेवक ने महाराष्ट्र ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की वाट लगाई है. इसमें कई रोजगार सेवकों को फर्जी हाजिरी के लिए 100 से 200 रु. दिए जाते हैं और बिना काम पर जाए भी उनकी हाजिरी लगवाई जाती है. इसी कड़ी में %आधा हम, आधा तुम% नामक कार्यक्रम चल रहा है. गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील के हमेशा चर्चा में रहने वाले लोहारा ग्रापं में रोजगार सेवक योगराज येरने के कारण आमजन और मजदूर भी त्रस्त हैं. कुछ रिश्तेदारों के नाम फर्जी सूची में शामिल हैं और शासन प्रशासन यह काम कर रहा है, वहीं दूसरी ओर रोजगार सेवक भी अपनी मर्जी और मनमानी से जेसीबी के माध्यम से काम करा रहा है. फिर मजदूरों को क्या मिलेगा, यह सवाल ग्रापं लोहारा अंतर्गत केहरीटोला के शिकायतकर्ता ने किया है. मांग की जा रही है कि ग्रीष्मकाल और पौधारोपण के दौरान जेसीबी से किए गए काम की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए. अब यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि रोजगार सेवक को लोहारा की राजनीति में अपने वरिष्ठों का आशीर्वाद प्राप्त है. यह भी चर्चा है कि क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल हो सकते हैं. शिकायतकर्ता ने उल्लेख किया है कि कुछ करीबी रिश्तेदारों के नाम भी फर्जी सूची में हैं, जबकि मस्टर फर्जी मजदूर का और अन्य गांवों में है. लोहारा के रोजगार सेवक की उच्च स्तरीय जांच की जाए और उससे फर्जी काम के पैसे वसूले जाएं तथा दूसरे रोजगार सेवक की नियुक्ति की जाए, ऐसी मांग जितलाल वरखडे, शालिकराम चौधरी, गिरधारी मानकर, किशोर वलके, टिकेस भलावी, नरेंद्र टेकाम, कार्तिक पटले, ललिता राऊत, उमराव मानकर, जितलाल बिसेन, राजकुमार राऊत, बारेलाल उईके ने की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रापं लोहारा के अंतर्गत तिरखेड़ी से केहरीटोला, लभानधारनी तक पौधारोपण का कार्य चल रहा है और ग्रापं सदस्य अतुल निमकर की पत्नी और माता-पिता तथा उनके परिवार के लोग काम पर नहीं जा रहे है, फिर भी के उनके नाम फर्जी मस्टर में हैं और उनके परिवार सदस्यों को भी शामिल किया गया है. यह चर्चा अब जोर पकड़ रही है. यह भी कहा जा रहा है कि सरपंच अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं.

**शिकायत में दोषी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई**

जब मैंने वास्तव में इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त की, तो मुझे लोहारा ग्रापं के रोजगार सेवक की शिकायत मिली. उक्त शिकायत के अनुसार विस्तार अधिकारी ने जांच कर पंचायत विभाग को सौंप दी है और यदि संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक ने निश्चित रूप से फर्जी कार्य किया है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

- संजय पुरी, गुट विकास अधिकारी, पंस सालेकसा

# मारवाड़ी युवा मंच आयुष्मान कार्ड कैंप सैकड़ो को लाभ 70 कार्ड बने




**बुलंद गोंदिया।** मारवाड़ी समाज के प्रतिनिधि संस्था मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया व गोंदिया गरिमा द्वारा मारवाड़ी समाज बंधुओ के लिए आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन उमा देवी अकैडमी में आयोजित किया गया था जिसमें सैकड़ो समाज बंधुओ को लाभ मिला। गौरतलब है की मारवाड़ी समाज के सभी सातों वर्गों के नागरिकों को शासन की शासन की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन प्रधानमंत्री जन आरोग्य सेवा व महात्मा ज्योतिबा फूले जन आरोग्य योजना विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। आयोजित कैंप में समाज बंधुओ का शानदार प्रतिशाद मिला जिसमें करीब 200 परिवारों ने अपना नाम रजिस्टर्ड करवाया।70 से अधिक कार्ड बने।इस कैंप के माध्यम से करीब 70 कार्ड बनाए गए तथा समय अभाव के कारण शेष समाज बंधुओ को कार्ड बनाने की जानकारी वह मार्गदर्शन कर समीप के केंद्र से कार्ड संकलन करने का जानकारी दी गई। आधार अपडेट व इडब्लूएस मार्गदर्शन शिविर जल्द ही मारवाड़ी युवा मंच व गोंदिया गरिमा द्वारा समाज बंधुओ के लिए आधार अपडेट कैंप वह ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र मार्गदर्शन सिविल का आयोजन आगामी माह में किया जाएगा जिसकी जानकारी जल्द ही समाज बंधुओ को दी जाएगी।

आयोजित शिविर के लिएमारवाड़ी युवा मंच गोंदिया के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा और गरिमा की अध्यक्षा लक्ष्मी अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप के सफल आयोजन हेतु मनोज जोशी, नरेश बंग, पदम अग्रवाल मोहन खंडेलवाल, संजय जैन( जांगड़ा) सुभाष मूंदड़ा, जितेंद्र खंडेलवाल, अजय झवानिया, निधि अग्रवाल सारिका सोनी, सीमा अग्रवाल, नेहा शर्मा, उमा राठी, मंजू अग्रवाल, मधु पी अग्रवाल ने सक्रिय सहयोग दिया।

# पंकज रहांगडाले की पहल पर जिले में आंगनवाड़ी नर्सरी से केजी तक शिक्षा में एक अभिनव प्रयोग, पायलट प्रोजेक्ट को हरी झंडी जिप की आमसभा में लिया जाएगा निर्णय



**बुलंद गोंदिया।** आंगनवाड़ी व केजी के बच्चों की बौद्धिक क्षमता अलग-अलग होती है जिसे देखते हुए जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज रहांगडाले द्वारा अपने ग्रह ग्राम तुमखेड़ा बुर्ज में बच्चों की बौद्धिक क्षमता को देखते हुए शिक्षा पद्धति में कुछ बदलाव कर एक अभिनव प्रयोग किया था। जिसकी सफलता को देखते हुए उन्होंने जिला परिषद की स्थाई समिति की सभा में यह प्रस्ताव रख जिले के प्रत्येक तहसीलों के 10 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर इसे लागू किए जाने की मांग की थी जिस पर जिप अध्यक्ष लायकराम भेडारकर, उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी तथा आगामी आमसभा में इसे रख मंजूर करवाने का आश्वासन दिया जिससे छात्रों को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त होंगे। गौरतलब है की आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों की बौद्धिक क्षमता उनकी आयु वर्ग के अनुसार भिन्न होती है माता-पिता अपने बच्चों को नर्सरी ,केजी 1 ,केजी 2 में भेजने के पश्चात कक्षा पहली में प्रवेश दिलवाते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता के बच्चे कक्षा पहली की आयु होने तक आंगनवाड़ी में ही रहते हैं। जब वह बच्चे स्कूल जाते हैं तो उन्हें अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है जिसमें वह पिछड़ जाते हैं, इन समस्याओं को देखते हुए इसके समाधान के लिए पूर्व अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने अपने ग्रह ग्राम तुमखेड़ा में ग्रामीणों के साथ एक अनूठा प्रयोग शुरू कर बच्चों की उम्र के अनुसार उन्हें तीन समूह में विभाजित किया। जिसमें नर्सरी केजी-1 और केजी-2 जिनमें प्रत्येक समूह के लिए उपयुक्त पुस्तके वह शैक्षणिक सामग्री प्रदान की। जिससे उनकी शिक्षा का स्तर बढ़ सके,रहांगडाले ने विश्वास व्यक्त किया कि जब यह बच्चे कक्षा पहली में प्रवेश करेंगे तो वह निजी स्कूलों के छात्रों के साथ आसानी से प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। पंकज रहांगडाले के इस प्रयोग को काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई जिसे देखते हुए उन्होंने स्थाई समिति की सभा में इस जिले में विस्तारित करने की मांग की तथा प्रस्ताव रखा कि यह प्रयोग तहसील में काम से कम 10 आंगनवाड़ियों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर लागू किया जाना चाहिए तथा भविष्य में इसका अध्ययन करने के पश्चात पूरे जिले में लागू होना चाहिए जिस पर जिप अध्यक्ष लायकराम भेडारकर उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे ने इस प्रस्ताव में सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आगामी आमसभा में इसे स्वीकृति हेतु रखना का मंजूर किया। उल्लेखनीय है कि पंकज रहांगडाले जब जिला परिषद के अध्यक्ष थे तो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई जन हितकारी निर्णय लिए उनकी यह एक नई पहल छात्रों के प्रति उनके स्नेह वह शिक्षा के प्रति उत्साह को दर्शाती है विश्वास है कि यदि यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला पाएंगे।

# बजरंग दल के फलक का किया गया अनावरण



**गोंदिया**-ग्राम उमरी के हनुमान मंदिर में तीन बार ओमकार, 13 बार विजय महामंत्र हनुमान चालीसा पाठ व संगठन का गीत इस पद्धति से बजरंग दल के बैठक की शुरुआत हुई. विश्व हिंदू परिषद जिला सत्संग प्रमुख महेंद्र देशमुख ने राष्टसुरक्षा, नैतिक शिक्षक मूल्य व राष्ट धरोहर की सेवा रक्षा इस विषय पर युवाओं का मार्गदर्शन किया. बजरंग दल जिला संयोजक हार्दिक जीवानी ने बजरंग दल के तीन सूत्र आधार स्तंभ, सेवा सुरक्षा व संस्कार इस विषय पर सभी युवाओं से राष्ट प्रेम राष्टभक्ति, गौ रक्षा, माता पिता की सेवा व सभी को भागवा ध्वज के छत्रछाया तले प्रभु भक्ति में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया. पश्चात ग्राम उमरी के चौक में बजरंग दल के फलक का अनावरण किया गया, गोंदिया ग्रामीण प्रखंड मंत्री अनिल तिवारी, प्रखंड अर्चक पुरोहित राहुल दुबे, हरीचंद कोल्हे, गजेंद्र पागोड़े, छनेश तुरकर, सेवकराम निवारे, विवेक गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# सेंधमारी के आरोपी को पकड़ा पुलिस ने 1.8 लाख रु. का माल किया जब्त



**गोंदिया**-शहर में स्थित डब्लिंग कॉलोनी निवासी सविता विष्णु पटेल के घर से सोने-चांदी के आभूषण व नकद चुराने वाले आरोपी को स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने 24 घंटों के अंदर गिरफ्तार किया है. उसके पास से कुल 1 लाख 82 हजार 280 रु. का माल जब्त किया गया है. आरोपी का नाम गांधी वार्ड, गोंदिया निवासी गणेश राहुल नागदेवे (22) बताया गया है. जानकारी के अनुसार, डब्लिंग कॉलोनी, गोंदिया निवासी फिर्यादी सविता विष्णु पटेल (43) के घर के सभी लोग बाहर गए थे. इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने सीमेंट सीट तोड़कर घर में प्रवेश किया व सोने-चांदी के आभूषण व नकद माल चुरा लिया. जिसकी शिकायत शहर थाने में की गई. इसी बीच स्थानीय अपराध शाखा को जानकारी मिली कि यह चोरी गांधी वार्ड, गोंदिया निवासी गणेश राहुल नागदेवे (22) ने की है. जानकारी के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया. उसकी गहनताने की है. से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल किया. आरोपी के पास से कुल 1 लाख 82 हजार 280 रु. का माल जब्त किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजूरकर, पुलिस उपनिरीक्षक शरद सैदाने, हवलदार राजेंद्र मिश्रा, महेश मेहर, सुबोध बिसेन, संजय चव्हाण, इंद्रजित बिसेन, दीक्षितकुमार दमाहे, राकेश इंदूरकर, छगन विठ्ठले ने की है.

## बाइक को मारी टक्कर, चौपहिया वाहन नाले में जा गिरा



**गोंदिया**-देवरी-चिचगढ़ राज्य मार्ग पर ग्राम सालई के पास एक पुल पर मोटरसाइकिल और चौपहिया वाहन के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई. जिसके बाद चौपहिया वाहन पुल के नीचे नाले में जा गिरा. हालांकि, इस घटना में किसी की जान नहीं गई. लेकिन दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना 18 अगस्त को शाम करीब 7 बजे घटित हुई. घायलों के नाम नकटीटोला निवासी उमराव मडावी (39) व अमित मडावी (23) बताया गया है. उमराव ही हालत गंभीर होने उसे केटीएस जिला सामान्यअस्पताल में भर्ती किया गया है. जानकारी के अनुसार उमराव मडावी अपने भतीजे अमित मडावी के साथ मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 - एएम 8278 से देवरी से गांव जा रहे था. इसी बीच देवरी-चिचगढ़ मुख्य राज्य मार्ग पर ग्राम सालई के पास पुल पर दोनों वाहनों में टक्कर हो गई. इस दौरान मोटरसाइकिल को टक्कर मार कर चौपहिया वाहन पुल के निचे जा गिरा. हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई. लेकिन मोटरसाइकिल सवार उमराव मडावी गंभीर रुप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए केटीएस जिला सामान्य अस्पताल गोंदिया में भर्ती कराया गया. जबकि अमित मडावी मामूली रूप से घायल हुआ हैं. जिसका ग्रामीण अस्पताल देवरी में इलाज चल रहा है.

# ठेकेदारों का राज्यव्यापी धरना आंदोलन सफल गोंदिया के ठेकेदारों का 500 करोड़ से अधिक का बकाया राशि की मांग मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन




**बुलंद गोंदिया।** राज्य सरकार पर ठेकेदारों का 90हजार करोड रुपए से अधिक का बकाया है जिसके चलते मंगलवार 19 अगस्त को राज्यव्यापी धरना आंदोलन किया गया। गोंदिया जिले में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना आंदोलन कर मुख्यमंत्री के नाम बिलों का भुगतान करने के लिए जिला अधिकारी के माध्यम ज्ञापन सोपा गया जिसमें गोंदिया जिले के ठेकेदारों का सरकार पर 500 करोड़ से अधिक रुपए का बकाया है। आंदोलन के दौरान राज्य में सरकारी विकास कार्य कर रहे ठेकेदारों ने एक बार फिर काम बंद करने की चेतावनी दी है। ठेकेदार संगठनों का कहना है कि गोंदिया जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24,/ 2024-25 के सरकारी कार्यों का लगभग 550 करोड़ रुपये का बकाया है और इस बकाया राशि के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने 19 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना दिया और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। उन्होंने 25 अगस्त तक 50 प्रतिशत बकाया राशि का भुगतान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। गोंदिया जिले में 1000 से अधिक पंजीकृत ठेकेदार हैं, जिनमें 500 से अधिक सुशिक्षित इंजीनियर शामिल हैं। जलजीवन मिशन और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए धनराशि न मिलने के कारण जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडरकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुंगनाथम और कार्यकारी अभियंता ताकासांडे को ज्ञापन भी सौंपा गया। ठेकेदार संगठनों का यह भी कहना है कि इस मुद्दे को उठाने के लिए 25 अगस्त को नागपुर संभागीय कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा।

## गोंदिया में, ठेकेदारों ने धरना दिया और बकाया बिलों की मांग की

जिले में महाराष्ट्र सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित सरकारी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्य पूरे हो चुके हैं, और हमारे भुगतान पिछले 2023-2024, 2024-2025 से लंबित हैं। पूर्ण हो चुके कार्यों के बिल (अनुरोध पत्र) और अन्य दस्तावेज संबंधित विभाग को जमा कर दिए गए हैं। लंबित भुगतानों के कारण संबंधित ठेकेदारों, श्रमिकों और संबंधित संगठनों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण नए विकास कार्य अधूरे रह रहे हैं और नए विकास कार्यों के क्रियान्वयन में बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं।

बयान में यह भी कहा गया है कि इसके कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास प्रक्रिया में देरी हो रही है। इस विरोध प्रदर्शन में अजयजीत एम. वालिया (बॉबी), विजय अग्रवाल, शैलेश जयसवाल, बंटी मिश्रा ,प्रवीण बंटी ठाकुर ,प्रणव रावत, अभिषेक जैन, , आनंद ठाकुर, विनोद नाकाड़े, अजय सेंगर, सुनील तरोने, अनिल बिसेन, राजीव शेलके, प्रतीक कदम, परमानंद टेंभुर्निकर, प्रेमचंद खोब्रागड़े, अजय टाह, सुरेश पाटले, नीरज ठाकुर, प्रदीप मेश्राम, प्रमोद बिसेन, पारस कटकवार, सुमित शेंडे, चन्नीलाल अगड़े, युगेश बिसेन, विरोध प्रदर्शन में उमेश कापसे, नीरज अग्रवाल, योगेश शुक्ला, महेश अग्रवाल, संतोष भेलावे, फतेह सिंह, राजेश चौहान, रवि भरणे, प्रतीश गौतम, अशोक लिचड़े, संजय मुरकुटे, सुधीर मानकर, दिलीप अग्रवाल, तजेंद्र छाबड़ा समेत कई ठेकेदार शामिल हुए।

# ब्राम्हणकर हॉस्पिटल में निशुल्क कैंसर केयर जांच शिविर गुरुवार 25 सितंबर को



**बुलंद गोंदिया।** ब्राम्हणकर हॉस्पिटल गोंदिया द्वारा कैंसर मरीजो के उपचार के लिए निशुल्क कैंसर केयर जांच शिविर का आयोजन गुरुवार 25 सितंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किया गया है जिसमें विभिन्न जांच विशेषज्ञो द्वारा निशुल्क की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में देश व जिले में कैंसर के मरीजों का प्रमाण काफी बढ़ रहा है मरीजों की बढ़ती संख्या यह चिंताजनक है किंतु उनका इलाज करना भी जरूरी है।

गोंदिया में कैंसर का इलाज पहले बड़े शहरों में होता था लेकिन अब ब्राम्हणकर हॉस्पिटल कैंसर इलाज का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है जिससे जिले के साथ-साथ गोंदिया जिले की सीमा से लगे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य के मरीजों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

जिसके लिए ब्राम्हणकरअस्पताल के डॉक्टर नोव्हिल ब्राम्हणकर द्वारा समय-समय पर अपने सहयोगियों के साथ निशुल्क कैंप का आयोजन कर मरीजों की जांच करते हैं।

इसी के अंतर्गत गुरुवार 25 सितंबर 2025 को दोपहर 12 से 3 बजे तक ब्राम्हणकर हॉस्पिटल गोंदिया में यह निशुल्क कैंसर केयर जांच शिविर का आयोजन कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर एवं ब्राम्हणकर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है।

इस समय डॉ नोव्हिल ब्राम्हणकर, डां गरिमा बग्गा, डॉ महेश चनाप, डां गणेश्वरी ब्राम्हणकर, डॉ,शांतनु पेंडसे, डॉ. मौसमी ब्राम्हणकर द्वारा स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, मुख कैंसर स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर, बीएमआई,रेंडम ब्लड शुगर, कंपलीट ब्लड काउंटकी जांच की जाएंगी।

## शासकीय योजनाओं का लाभ

ब्राम्हणकर अस्पताल में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ मरीजों को मिलता है जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले वह आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अस्पताल में उपचार उपलब्ध है।

## कैंसर के लक्षण

गले में स्तन में या अन्य किसी भाग में गांठ होना, भोजन निगलने में, मुंह खोलने में कठिनाई, थूक, लैट्रिन, पेशाब से खून आना, गले में सूजन होना, आवाज में बदलाव, मुंह मसूड़े में पुराना जख्म, अचानक वजन बढ़ना, पेट में तकलीफ, एसिडिटी, महामारी के अलावा अधिक रक्तस्राव होना लिप नोटिस में सूजन होना आदि लक्षण दिखाई देने पर इसकी कैंसर जांच करवाना अनिवार्य है।

# धारदार हथियार से कर रहे थे डकैती की तैयारी डकैती के 3 आरोपी अरेस्ट



**गोंदिया**-शहर पुलिस ने धारदार हथियारों से डकैती की तैयारी कर रहे युवकों के एक गिरोह के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया है. तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया. माताटोली श्रीनगर निवासी घनश्याम उर्फ गोलू अशोक चौधरी (22) व पैकनटोली निवासी मित्तल मुनेश्वर तुपटे (20) को 14 और 15 अगस्त की रात को आंबेडकर भवन के पास गश्त के दौरान पुलिस टीम ने घातक हथियार के साथ पकड़ा था. इसके बाद श्रीनगर निवासी अनमोल राउत (22) व एक 16 वर्षीय नाबालिग को शनिवार को गिरफ्तार किया गया. कानूनी पचड़े में फंसे इस किशोर को जमानत पर रिहा कर दिया गया. सोमवार शाम को श्रीनगर निवासी सुजल बोरकर (21) को गिरफ्तार किया गया. सिपाही प्रकाश गभने की शिकायत पर शहर थाने में मामला दर्ज किया गया है. तीनों आरोपियों गोलू चौधरी, मित्तल तुपटे और अनमोल राउत को भंडारा जेल भेज दिया गया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक केदार घाडगे कर रहे हैं.

# भोला रगड़े का सत्कार



**आमगांव**-रान चौक निवासी भोला नरसिंग रगडे का चयन बिलासपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण चैम्पियनशिप में पावर वेट लिफ्टिंग खेल में हुआ और उन्होंने रायपुर में राष्ट्रीय पश्चिमी क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय शिवणकर के हस्ते उनका पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया. इस अवसर पर विजय रगडे, राजा शेंडे, डोमन रगडे, इसुलाल कांबले, रितेश शेंडे, प्रशांत गायधने, गौरव दुबे, जय शेंडे उपस्थित थे.

## खदान में डूबकर युवक की हुई मौत

**गोंदिया**-ग्रामीण थाने के तहत चांदनीटोला/नागरा निवासी रवि शंकर सोरले (30) की मुरुम खदान के पानी में डूबने से मौत हो गई. फिर्यादी जसवंता शंकर सोरले (55) की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार बहेकार कर रहे हैं.


**जाहिर सुचना**

श्री कैलाश गौतम सोनवाने इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक 30 वार्ड का नाम गौशाला वार्ड मालमत्ता क्रमांक 30/553 है। उक्त मालमत्ता धारक का निधन दिनांक -22/01/2021 को हो चुका है। इनके निधन उपरांत इनके वारस 1) श्रीमती आशाबाई बे. कैलाश सोनवाने, 2)श्री. उमेश कैलाश सोनवाने, 3)कु गौरी कैलाश सोनवाने इन्होने वारसान आधार पर हस्तांतरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात 15 दिन के भितर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे । आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

**मुख्य अधिकारी**
**नगर परिषद गोंदिया**

## मतभेदों को मनभेदो में न बदलने दें -सांसद प्रफुल पटेल
## महायुति के कार्यकर्ताओं को प्रफुल पटेल की सलाह





**बुलंद गोंदिया।** राजनीति में काम करते समय कुछ मतभेद होना स्वाभाविक है। लेकिन उन मतभेदों को कभी भी मनभेदों में नहीं बदलने देना चाहिए। महायुति विकास और जनता के हित के लिए बना एक गठबंधन है। सांसद प्रफुल पटेल ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण सलाह देते हुए कहा कि कार्यकर्ता आपस में एकता बनाए रखते हुए और एक-दूसरे का सम्मान करते हुए आगे बढ़ें। सांसद प्रफुल पटेल गोंदिया के एन.एम.डी. कॉलेज के सभागार में भाजपा, राकांपा और शिवसेना महायुति द्वारा आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर प्रफुल पटेल ने कहा कि महायुति में प्रत्येक दल के कार्यकर्ता अपनी विचारधारा के अनुसार काम करते हैं, लेकिन जब हम एक साथ आए हैं, तो जनता और विकास के लिए एक ही लक्ष्य रखना आवश्यक है। हमें जिले की प्रगति और आम आदमी के हित को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना होगा। अभिनंदन समारोह के अवसर पर प्रफुल्ल पटेल , विधायक परिणय फुके, विधायक विजय रहांगडाले, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, विधायक राजकुमार बडोले, विधायक राजूभाऊ कारेमोरे, विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक संजय पुराम, नानाभाऊ पंचबुधे, बालाभाऊ अंजनकर, सुनील फुंडे, धनंजय दलाल, किरण पांडव, मुकेश शिवहरे, विलास कटेखाये, केशव मानकर, भेरसिंगभाऊ नागपुरे और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में गोंदिया जिला एवं भंडारा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, भंडारा जिला पर्यवेक्षण सहकारी समिति मर्या. भंडारा, भंडारा जिला कृषि औद्योगिक संघ, भंडारा. भंडारा दुग्ध संघ मार्या, भंडारा. कृषि उपज बाजार समिति भंडारा, कृषि उपज बाजार समिति पवनी, कृषि उपज बाजार समिति लाखनी, कृषि उपज बाजार समिति तुमसर, गोंदिया जिला मत्स्य सहकारी संघ, गोंदिया के निदेशकों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। महायुति के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सहकारिता क्षेत्र के संचालक मंडल, महायुति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्रेन ने गिरने से युवक की मौत, मामला दर्ज



**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत हावड़ा मुंबई अप लाइन पर सोनारटोला गेट के पास पोल क्र. 9666/17-1903 के पास उत्तर दिनाजपुर जिले के दवलतपुर निवासी मिजानुर रहमान अब्दुल रहमान (17) की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई. वह हावड़ा से मुंबई जा रही मेल से यात्रा कर रहा था. फिर्यादी मोताहार हुसेन अब्दुल तौब (28) की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार खुशरंग बिसेन कर रहे हैं.

## प्रफुल्ल पटेल की पहल केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ सकारात्मक चर्चा रबी धान खरीदी का बढ़ाया जाएगा लक्ष्य



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया- भंडारा जिला धान उत्पादक जिले के रूप में जाना जाता है तथा रबी मौसम में भी धान का उत्पादन होता है इस वर्ष दोनों जिलों में एक लाख हेक्टेयर में रबी धान की कृषि की गई थी किंतु तुलनात्मक रूप से धान खरीदी का लक्ष्य कम होने के कारण अब भी किसानों के पास बड़ी मात्रा में धान बचा हुआ है। जिस पर संज्ञान लेते हुए सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा दिल्ली में केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर रबी सीजन के धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की जिस पर जोशी ने संसद पटेल को लक्ष्य बढ़ाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है की रबी मौसम 2024 - 25 में गोंदिया जिले में बड़े पैमाने पर धान का उत्पादन हुआ। जिस पर शासकीय खरीदी केदो पर किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर धान बिक्री के लिए लाया गया किंतु जिले को दिए गए खरीदी का लक्ष्य पूरा हो जाने पर धान खरीदी बंद हो गई। जिससे अनेक किसानों के धान खरीदी केदो में ही पड़े हुए हैं व किसानों के समक्ष एक भीषण संकट निर्माण हो गया। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए किसानों के कल्याण वह हित के लिए सदैव तत्पर सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा मंगलवार को केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की तथा उन्होंने मंत्री जोशी से धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध किया ताकि दोनों जिलों के किसान बिक्री से वंचित न रहे। जिस पर जोशी ने सकारात्मक आश्वासन दिया जिसके परिणाम एक-दो दिन में सामने आएंगे तथा धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाया जाएगा। इसके पूर्व राज्य के खाद्य व वितरण विभाग के माध्यम से संसद में प्रफुल्ल पटेल द्वारा लक्ष्य बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा व पत्र व्यवहार किया था। किसानों की इस परेशानियों का लिया संज्ञान शासकीय धान खरीदी केदो में काफी समय से किसानों का ध्यान बिक्री के लिए पड़ा हुआ है जिससे अनेक किसानों को अपनी आवश्यकता के चलते कम दर पर निजी व्यापारियों को बिक्री करना पड़ रहा है। जिसके कारन किसानों को प्रति क्विंटल 500 से ?700 का नुकसान उठाना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या को देखते हुए सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री से मुलाकात कर धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

## जैन मंदिर गोंदिया में महाराष्ट्र शासन में मंत्री लोढा दर्शन हेतु पधारे





**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र शासन में कौशल्य,उद्योजकता,नाविन्यता विभाग के मंत्री मंगल प्रभात लोढा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित शासकीय समारोह में ध्वजारोहण हेतु गोंदिया पधारेथे। शासकीय कार्यक्रम में व्यस्तता के बावजूद भी स्वयं स्फुर्ति से श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर दर्शन हेतु पधारकर प्रभु व दादा गुरुदेव जी की प्रतिमा का दर्शन लाभ लिया, मंदिर के मनमोहक वास्तुशिल्प की उन्होंने खूब सराहना की, गोंदिया संघ के अध्यक्ष दिनेश बैद ने उन्हें गोंदिया शहर में जैन मंदिर के इतिहास व संघ द्वारा संचालित दादाबाड़ी, आराधना भवन, जैन कुशल भवन की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ गोंदिया द्वारा जिन शासन रत्न, अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढा का प्रथम बार गोंदिया जिन मंदिर पदार्पण पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी राजेश लुनिया, राजेश बरडिया, अध्यक्ष दिनेश बैद, उपाध्यक्ष कैलाश खजांची, राजेन्द्र चोपड़ा, सचिव कुशल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष सुभाष बोथरा, पूर्व ट्रस्टी प्रकाश खजांची, नरेश खजांची, भवन प्रभारी आनंद बरडिया, मंदिर प्रभारी आशीष खजांची, विकास बोथरा, आकाश बोथरा, रचित खजांची, डॉ महेश कोठारी सहित समाज बंधुओ ने अल्प सूचना के बावजूद उपस्थित रहकर जिन शासन की शोभा बढाई। पिछले वर्ष महाराष्ट्र सरकार के नागपुर शीतकालीन सत्र में लोढा जी को दूसरी बार मंत्री पद की जवाबदारी मिलने पर नागपुर जाकर उनका अभिनंदन गोंदिया संघ द्वारा किया गया था एवं गोंदिया पधारने हेतु निवेदन भी किया था।

## 3 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**गोरेगांव**-गोंदिया जिले के गोरेगांव थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जहां एक 15 साल के नाबालिग ने 3 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है. मासूम के परिजनों ने गोरेगांव पुलिस को इसकी जानकारी दी. जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया गया. जानकारी के अनुसार, गोरेगांव थाना क्षेत्र के तुमसर में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है. यह घटना तब घटित हुई जब मासूम बच्ची के घर के सभी लोग अपने काम से बाहर गए हुए थे और 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने उसे अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता के माता-पिता घर पहुंचे और पीड़ित बच्ची आरोपी के घर पर ही थी. उसे घर लाया गया. जिसके बाद उसने हकीकत अपने दादी को बताई. इसकी जानकारी बच्ची के पिता को दी गई. जिसके बाद गोरेगांव पुलिस को बुलाया गया. पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया गया. आगे की जांच गोरेगांव पुलिस कर रही हैं




स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।